



# 50 हेक्टयर में बनेगा नगरवन 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रैअ अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा शहर के समीप ईको सेंटर पर 50 हेक्टयर से नगरवन बनाया जा रहा है, इसके

**सैलानियों को आकर्षित करने पार्क के साथ ही योगा केन्द्र भी बनेगा**



कार्य की शुरूआत भी हो गई है तथा आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही पार्क डवलपमेंट के लिए भूमि का समतलीकरण किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा आज निर्माणाधीन नगरवन का निरीक्षण कर संचालित कार्यो का जायजा लिया गया। इस अवसर पर फॉरेस्ट एसडीओ राघवेन्द्र भदौरिया मौजूद रहें। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सामान्य वन मंडल अंतर्गत ग्रीन प्रोजेक्ट के क्रम में ईको सेंटर शिवपुरी रोड पर नगरवन विकसित किया जा रहा है। लगभग 50 हेक्टयर क्षेत्र में बनने वाले नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेगे, सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नगरवन में चिल्ड्रन पार्क बनाया जायेगा और झूले भी लगाये जायेगे। इसके साथ ही 700 मीटर लम्बा पेबर ब्लॉकयुक्त फुटवॉक भी बनाया जायेगा, इसके अलावा प्राकृतिक कच्चा मार्ग भी घूमने के लिए तैयार किया जा रहा है। फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नगरवन में दो छोटे तालाब भी बनाये जायेगे, जिनके आसपास पेड-पौधे और घास लगाई जायेगी, जहां सैलानी बैठकर प्रकृति का आनंद ले सकेगे। एक वॉच टावर भी बनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से सैलानी दूर तक नगरवन का दृश्य देख सकेंगे, एक योगा प्लेटफार्म भी बनाया जा रहा है, जहां योग की क्रियाएं कर सकेंगे। नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के पेडो पर क्यूआर कोड भी लगाया जायेगा, जिसे मोबाइल से स्कैन कर उस पेड के गुण-धर्म और अन्य जानकारियां प्राप्त की जा सकेगी। 50 हेक्टयर का यह नगरवन चारो ओर से कवर्ड रहेगा, इसके लिए बाउन्ड्रीवॉल बनाई जायेगी।

# ओछापुरा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत विकासखंड विजयपुर स्थित नवांकुर संस्था भोलेनाथ समग्र विकास समिति द्वारा ओछापुरा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक चेतना को सशक्त करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना रहा।

जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से संबद्ध प्रस्फुटन समिति, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और लोगों को जागरूक किया गया।

ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन ने कहा कि च्ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है। सभी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गांव-गांव जागरूकता फैलानी चाहिए, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँच सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों को सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने तथा स्वच्छ, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर गांव के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष निवास शर्मा, श्रीमती दाख्यों वाई, श्रीमती रूपकाली, श्रीमती कल्लो, सोनेराम, नरसी, श्रीमती सोनम, विजय सिंह सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**श्योपुर, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में



आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद औषधि जैनी द्वारा सेवापुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ .रघुवीर सिंह मीणा एवं दवासाज विजय सिंह, बाजुल्ला द्वारा 15 पुरुष, 18 महिला एवं 10 बालिकाओं व 6 बालक सहित कुल 49 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में वृद्ध, बच्चे एवं गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे नि:शुल्क आयुर्वेद औषधि वितरण एवं योग परामर्श दिया गया। हितग्राहियों को आहार विहार योग प्राणायाम व दिनचर्या ऋतुचर्या आदि के बारे में बताया गया।

# समाधान योजना का प्रथम चरण 31 तक, सरचार्ज में सौ फीसदी तक छूट

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 जनवरी।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में सौ फीसदी तक छूट का लाभ लेने के लिए 31 जनवरी 2026 को अंतिम दिन है। कंपनी क्षेत्रांतर्गत योजना का लाभ लाखों बकायादार उपभोक्ताप उठा रहे हैं।

कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में अंतिम 02 दिन में अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का प्रथम चरणचल रहा है, जो कि 31 जनवरी 2026 को समाप्त हो रहा है। इस दौरान बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ मिल रहा है। अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत्त श्योपुर के 12 हजार 927 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत्त श्योपुर के खाते में 32 करोड़ 20 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 12 करोड़ 15 लाख का सरचार्ज माफकिया गया है।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

**समाधान योजना 2025-26 एक नजर में :** समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा, जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमश: कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक रहेगी, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एकफरवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफकिया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु चवतजंस.उचब्र.पद पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत विवरण तीनों कंपनियों की वेबसाइटों पर भी देखा जा सकता है साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।



## कलेक्ट्रेट से पाली रोड तक किसान बाईक रैली आयोजित

**श्योपुर, 29 जनवरी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने के क्रम में आज कलेक्ट्रेट से जयस्तभ चौक होते हुए पाली रोड तक किसान बाईक रैली का आयोजन किया गया। समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम पर आयोजित बाईक रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष गिरधारी बैरवा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मिश्रालाल बैरवा, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कृषकबंधु उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर का दौरा कार्यक्रम

**श्योपुर, 29 जनवरी।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 30 जनवरी को श्योपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय विधानसभा अध्यक्ष तोमर सडक मार्ग से 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचेगे एवं रेडक्रॉस अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय के नवीन बैठक हॉल का लोकार्पण करेंगे तथा अपरान्ह 2 बजे श्योपुर-पाली रोड पर रायपुरा में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मेडिकल कॉलेज रोड का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही पीएम जनमन अंतर्गत निर्मित मल्टी परपज सेंटर तथा महाराणा प्रताप चौराहा चुंगीनाका से गुप्तेश्वर होकर आवदा-अजापुरा रोड से कनेक्टेट मार्ग स्थित सीप नदी पुल पर बने पुल का लोकार्पण भी करेंगे। इसके उपरांत माननीय विधानसभा अध्यक्ष सांय 4 बजे उतनवाड में आयोजित निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होगे तथा शाम 5 बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सलापुरा में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत सेक्टर गिरधरपुर अंतर्गत ग्राम सलापुरा सामाजिक जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित के दौरान जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, ब्लॉक समन्वयक



श्रीमती नीतू गौतम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय एवं नचिकेता की कथा के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य आधारित जीवन जीने, संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ने तथा समाज में जागरूकता लाने का संदेश दिया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं और उनके आदर्श आत्मनिर्भर, चरित्रवान एवं राष्ट्रसेवी युवा तैयार करने की दिशा दिखाते हैं। श्रीमती नेहा सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने कुरीतियों से मुक्त भारत के निर्माण का स्वप्न देखा और अल्पायु में भी मानवता को अमूल्य विचार एवं मार्गदर्शन दिया।

इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के समस्त सामाजिक कार्यकर्ता, नवांकुर एवं परामर्शदाता संस्थाओं से श्रीमती संध्या गौतम प्रमोद तिवारी, समिति सदस्य महावीर गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## समर्पण से कार्य करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम का संचालन दीपक दुबे एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन ब्रजेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया।

# इको क्लब ईकाई के अंतर्गत किया गया आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 29 दिसम्बर।** इंदरगढ़ आज शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी की अध्यक्षता में इको क्लब इकाई के अंतर्गत चल रही गतिविधियों का सफ्लतापूर्वक संपन्न कराकर समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम अंतर्गत महाविद्यालय में इको क्लब प्रभारी डॉक्टर शबाना बानो के निर्देशन में पांच गतिविधियों का आयोजन किया गया प्रथम गतिविधि का आयोजन को क्विज प्रतियोगिता से किया गया जिसमें छात्र.छात्राओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता संबंधी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया।

कोई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम में लक्ष्मी हबीबा और मोहिनी ने प्राप्त किया प्राचार्य द्वारा प्रतियोगी टीम को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए द्वितीय गतिविधि में दो दिवसीय स्वच्छता अभियान दिनांक 13 11 और 14 11 25 को मनाया गया जिसमें इंदरगढ़ तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर पार्कों तथा परिसर को साफसफाई की गई साथ ही एनएसएस इकाई अंतर्गत हेल्थ चेकअप भी कराया गया तृतीय गतिविधि का आयोजन दो दिवसीय पेपर बैग् मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें छात्र.छात्राओं द्वारा इको फ्रेंडली पेपर बैग बनाए गए जिससे कि पॉलीथीन बैग को कम किया जाए साथ ही बनाए हुए बैग को प्राचार्य द्वारा बाजार में भी पहुंचाया गया तथा जन जन तक पॉलीथिन मुक्त पर्यावरण का संदेश भी दिया गया साथ ही पेपर बैग पर 17 एसडीजी गोल को भी पेंटिंग के द्वारा एक संदेश सतत विकास लक्ष्य का दिया गया चौथी गतिविधि में पेपर मेसी आर्टवर्क प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया जिससे छात्र.छात्राओं द्वारा पेपर को गला कर इको फ्रेंडली बर्तन पेपर को रिव्यू कर मॉडल हैंगिंग सामान फ्लावर पॉट आदि बनाए गए छात्र.छात्राओं द्वारा पेपर का कलात्मक परिवर्तन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## जागरूकता के संदेश की हुई सराहना

कार्यक्रम की अंतिम तथा पांचवी गतिविधि के अंतर्गत नेचर फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्राचार्य सी पी पटसारिया जी द्वारा रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया साथ ही पेपर बैग तथा पेपर मेसी आर्टवर्क में बनाई गई चीजों की भी प्रदर्शनी रखी गई है अतिथियों द्वारा छात्र .छात्राओं के कार्य की प्रशंसा की गई तथा ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता का जो संदेश प्रेषित किया जा रहा है उसकी सराहना भी की गई अंत में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ । मिशन लाइफशपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा ।

# बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक

**परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धरना, जुलूस, सभा, रैली के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध**

लगाई गई है, इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास धरना, जुलूस, सभा, रैलियों का प्रदर्शन भी प्रतिबंधित किया गया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश के अनुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंण्डरी की वार्षिक परीक्षायें 10 एवं 13 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान करने तथा परीक्षा केन्द्रों पर शांति पूर्वक तरीके से परीक्षायें संपन्न कराने के लिए उक्त आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजन के दौरान एवं विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है एवं परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर की परिधि के अन्दर 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर (परीक्षार्थी, ड्यूटी पर लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छोडकर) पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केन्द्रो के आस-पास किसी भी प्रकार का धरना, जुलूस, सभा अथवा रैली के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

किसी भी व्यक्ति द्वारा आदेश की अवहेलना किये जाने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत विधि अनुसार दण्डनीय कार्यवाही की जाऐगी। यह निषेद्याज्ञा माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षाओं तक प्रभावशील रहेगी।

# विधायक अग्रवाल ने किया आरसीएम स्टोर का उद्घाटन



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 29 दिसम्बर।** इंदरगढ़ नगर में दतिया सेंवढा रोड पर मस्जिद के सामने सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने राजू समाधिया के नवीन प्रतिष्ठान समाधिया आर सी एम सेवा केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि आरसीएम स्टोर का खुलना हमारे नगर इंदरगढ के लिये बहुत खुशी का विषय है एयह स्टोर हमारे नगर वासियों के लिये स्वास्थ्य वर्धक सामग्री उपलब्ध कराने में सहायक होगा एसेवा केंद्र इंदरगढ में शुरू किये जाने पर मैं सेवा केंद्र के संचालक राजू समाधिया को? धन्यवाद देता हूं इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल के साथ सुशील सिहारेए पवन पाठकए राजू गुप्ताए राकेश खटीक के अलावा आर सी एम टीम से प्रज्ञा प्रदीप एचैतुराम भगतए लक्ष्मण रामए बी एम गौतमए भान सिंह गौतमए महेंद्र साहूए माखन पटवाए आशा नील्माएबबलू जाटवएरवि जाटवए श्री राम कुशवाहा तथा बड़ी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे ।

# 5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 29 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत इंदरगढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव शर्मा एवं उनकी टीम ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 5 किलो गांजा तथा एक बेलेनो कार जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार




दिनांक 27 जनवरी 2026 को थाना इंदरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दतियादृसेवढ़ा रोड पर ग्राम जौनिया के पास से एक कार में अवैध मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना इंदरगढ़ पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान इंदरगढ़ की ओर से आती हुई एक स्लेटी रंग की बेलेनो कार क्रमांक डच् 07 ब्श्र 3494 को रोका गया तलाशी में मिला 5 किलो गांजाएकार चला रहे व्यक्ति से नाम.पता पूछने पर उसने अपना नाम गिर्राज तिवारी पुत्र अवधकिशोर तिवारीए उम्र 25 वर्षए निवासी मेहगांवए थाना गिजोर्रा जिला ग्वालियर बताया। संदेह के आधार पर जब कार की विधिवत तलाशी ली गई तो कार की डिग्गी में एक प्लास्टिक की बोरी में रखे 5 पैकेट गांजा बरामद हुएए जिनका कुल वजन लगभग 5 किलो पाया गया आरोपी गिरफ्तार वाहन व गांजा जब्त । पुलिस ने मौके पर ही विधिवत कार्रवाई करते हुए 5 किलो गांजा एवं बेलेनो कार को जब्त कर लिया तथा आरोपी गिर्राज तिवारी को गिरफ्तार कर थाना इंदरगढ़ लाया गया।

आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय में पेश किया जाएगा। साथ ही गांजा तस्करी के संबंध में आरोपी से पूछताछ जारी हैए जिससे इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिलने की संभावना है इन पुलिसकर्मियों की रही सराहनीय भूमिका एइस सफ्ल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव शर्मा के साथ उप निरीक्षक मनीष अतरौलिया, प्रधान आरक्षक 187 रामनिवास गुर्जर, आरक्षक 764 भानुप्रताप दुबे एवं आरक्षक 188 सुनील सिकैरिया की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।